राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
मध्यप्रदेश
8, अरेरा हिल्स, पुरानी जेल रोड, भोपाल

क्रमांक /एनएचएम/एचआर/2018/3960 भोपाल, दिनांक 13/04/2018

//आदेश//

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के विज्ञापन क्र/एनएचएम/एचआर/2017/17693 दिनांक 26/5/2017 के द्वारा सलाहकार बायोमेडिकल इंजीनियर के संविदा पद पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन जारी किये गये थे। लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के आधार पर उक्त पद के विरुद्व निम्नलिखित आवेदक का चयन किया जाता है:-

क्र.	चयनित उम्मीदवार के नाम	पदनाम	पदस्थापना स्थल	मासिक मानदेय राशि	पर्यवेक्षक अधिकारी
1	श्री विकास पाटीदार	सलाहकार बायोमेडिकल इंजीनियर	भोपाल	45,000/-	प्रबंध संचालक, एमपीपीएचएससीएल

चयनित अभ्यर्थी को निर्देशित किया जाता है कि वे मूल दस्तावेज एवं उनकी छायाप्रति के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यालय भोपाल में उपस्थित हो ताकि उनके दस्तावेजों का सत्यापन कर अनुबंध संबंधी कार्यवाही की जा सके।

संविदा कर्मचारी की सेवा शर्तें निम्नानुसार रहेगी-

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविदा नियुक्ति दिनांक से राज्य स्वास्थ्य समिति, मध्यप्रदेश के संविदा कर्मचारी होंगे।

1. संविदा कर्मचारी की संविदा नियुक्ति दिनांक 31 मार्च 2019 तक के लिये होगी।
2. संविदा कर्मचारी को आदेश दिनांक से 15 दिवस के भीतर कार्य पर उपस्थित होना होगा।
3. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन मध्यप्रदेश के अंतर्गत संविदा सेवा अनुबंध में दर्शाये गये दायित्वों का निर्वहन अनिवार्य होगा।
4. संविदा कर्मचारी का वार्षिक कार्य आधारित मूल्यांकन में योग्य पाये जाने पर कार्ययोजना में प्राप्त स्वीकृति के अनुसार अनुबंध राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. द्वारा स्वीकृत अवधि के लिये बढ़ाया जा सकेगा।
5. संविदा अनुबंध के आधार पर नियमितीकरण संबंधी कोई मांग या दावे स्वीकार्य नहीं होगे।
6. संविदा पद पर नियुक्त कर्मचारी द्वारा नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के पश्चात नियुक्ति प्राधिकारी के साथ म. प्र. शासन द्वारा निर्धारित राशि के गैर न्यायिक बंध पत्र पर अनुबंध निष्पादित किया जाना होगा।
7. उपरोक्त अनुबंध राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के प्राधिकृत अधिकारी एवं संविदा पद पर नियुक्त कर्मचारी के मध्य निष्पादित किया जायेगा।
8. अनुबंध के निष्पादन पर होने वाला व्यय उक्त संविदा पद पर नियुक्त कर्मचारी द्वारा वहन किया जायेगा।
9. संविदा कर्मचारी को राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन म.प्र. के नवीनतम मानव संसाधन मैनुअल के प्रावधानों के तहत कार्य करना होगा।

(एस.विश्वनाथन)
मिशन संचालक,
एन.एच.एम.,मध्यप्रदेश

पृ.क्रमांक /एनएचएम/एचआर/2018/3961 भोपाल, दिनांक : 13/04/2018

प्रतिलिपि:

1. प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग/चिकित्सा शिक्षा, म.प्र.।
2. स्वास्थ्य आयुक्त, म.प्र.।
3. समस्त संचालक, एनएचएम/संचालनालय स्वास्थ्य सेवायें, म.प्र.।
4. मुख्य प्रशासकीय अधिकारी एनएचएम,म.प्र.।
5. प्रबंध संचालक, एमपीपीएचएससीएल, भोपाल, म.प्र.।
6. मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एमपी ऑनलाईन लिमिटेड भोपाल की ओर भेजकर लेख है कि वे परिणाम वेबसाईट पर प्रदर्शित कर, चयनित अभ्यर्थी को सूचित करने का कष्ट करें।

मिशन संचालक,
एन.एच.एम.,मध्यप्रदेश